B.A. F.Y. (New CBCS Pattern) Semester - I

BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 2 | GUG/S/23/10012

Time : Three Hours | Max. Marks : 80

सुचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) प्रो. अरविंद की चारित्रीक विशेषताओं को लिखिए।

अथवा

ब) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

2. निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

समूह 'अ'

1) तुम्हें यह नौकरी किसके कारण मिली? यह मकान? अस्पताल में सुविधाएँ कौन दिलवा रहा है? दो नंबर बढा ही देते तो कौनसा आसमान फट जाता है।

2) जो व्यवस्था तोडी नहीं जा सकती उसमें विश्वास करके ही जिया जा सकता है। पर तुमने इतनी विद्या सीख कहाँ से ली? इतनी विद्या तो मेरे इस प्रिय शिष्य अर्जुन को भी नहीं आती।

3) झूठ बोलते है आप। आपने उसका साथ देने का आश्वासन दिया था। आपके बूते पर लड गया। लेकिन लाठियाँ चलीं। उसे कॉलेज से निकाला गया। और आपने प्रिंसिपली ले ली मुआवजे में।

4) वे तो शिक्षक नहीं है। आचार्य नहीं है। तुमने चुप रहकर शिक्षक को अन्याय पीने की परंपरा दे दी। आनेवाला इतिहास तुम्हें कोसेगा।

अथवा

समूह 'ब'

5) मैं कहाँ कह रहा हूँ कि तुमने हत्या की है। इतना साहस तुममें है ही कहाँ? हत्या की तो दूर रही, तुम आत्महत्या भी नहीं कर सके।

6) क्या आप इस अर्जुन से कभी उसका दाहिना हाथ माँग सकेंगे। क्या आप भीम से उसकी भुजा माँग सकेंगे? आप माँगेगे भी तो नहीं मिलेगी। तब आपने मुझसे ही अंगूठा क्यों माँगा? क्या आप अपने शिष्य की हत्या नहीं कर रहे है।

7) समझने की कोशिश क्यों नहीं करते? तुम्हारे नाम से इंकलाब और जिंदाबाद के नारे लग रहे है। पूरे शहर में अफवाह है कि तुमने लडकों को भडकाया है। पूरा स्टाफ हैरान है तुम्हारी हरकत पर।

8) मेरी तुलना द्रोणाचार्य से क्यों करते हो? वह बहुत शक्तिशाली था। मैं एक छोटा आदमी हूँ। छोटे-छोटे मोर्चों पर लडता हूँ...

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) कहानी का आशय स्पष्ट करते हुए उसके तत्वों को लिखिए।

2) खंडकाव्य से क्या तात्पर्य है?

3) नाटक का स्वरूप लिखिए।

4) उपन्यास और कहानी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) मीराबाई कृष्ण की दिवानी थी। इस वाक्य को उनके जीवन परिचय से स्पष्ट कीजिए।

2) मुंशी प्रेमचंद का जीवन परिचय लिखिए।

3) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' का परिचय दीजिए।

4) रामकुमार वर्मा का जीवन परिचय लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **10**

1) लीला कौन थी?

2) विमलेंन्द्रु की मृत्यु का क्या कारण था?

3) द्रोणाचार्य ने एकलव्य से गुरु दक्षिणा में क्या माँगा?

4) एकांकी से क्या तात्पर्य है?

5) मुंशी प्रेमचंद की कौनसी कहानी आपके "साहित्य प्रकाश" इस हिन्दी की पाठ्यपुस्तक में दी हुई है?

****